राज्यपाल सचिवालय

राज भवन, जयपुर

राज्यपाल श्री बागडे ने गांधी जयन्ती एवं शास्त्री जयन्ती पर उन्हें स्मरण करते उनके आदर्श अपनाने का आह्वान किया

जयपुर, 1 अक्टूबर। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयन्ती (2 अक्टूबर) पर उन्हें स्मरण करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए हैं।

श्री बागडे ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और उनके दर्शन को स्मरण करते हुए कहा कि गांधीजी का सम्पूर्ण जीवन सत्य और अहिंसा से जुड़ा रहा। अहिंसा की उनकी दृष्टि ने राजनीतिक और सामाजिक परिवर्तनों में महती भूमिका निभाई।

श्री बागडे ने कहा कि इसी तरह लाल बहादुर शास्त्री का जीवन ईमानदारी और शुचिता का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने राष्ट्र की इन महान विभूतियों के जीवन से प्रेरणा लेते हुए उनके बताए आदर्श मार्ग पर चलने का आह्वान किया है।